**गुहार** | रीठी थाना क्षेत्र में पेड़ से फांसी पर लटका मिला था युवक का शव, मां ने लगाए आरोप

# पहले मारा गया, फिर फांसी पर लटकाया शव



**नवभारत, कटनी।** जिले के रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत झिरिया हार रेलवे लाइन के पास स्थित पेड़ में फांसी के फंदे से एक युवक की लाश लटकी हुए मिलने के मामले में मृतक की मां ने हत्या का आरोप लगाते हुए सनसनी फैला दी है। मां का आरोप है कि उसके बेटे के साथ मारपीट करते हुए उसे पेड़ में फांसी का फंदा बनाकर लटकाया गया था। मृतक युवक की मां का आरोप है कि उसके बेटे की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप दिया गया है। मृतक पवन सिंह ठाकुर की मां ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अपने बेटे की मौत को आत्महत्या मानने से इनकार कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि उनके बेटे ने खुदकुशी नहीं की, बल्कि प्रेम प्रसंग के कारण उसकी हत्या कर शव को फांसी पर लटकाया गया है। उमरिया जिले के पाली निवासी पवन सिंह ठाकुर का शव 17 दिसंबर 2025 को रीठी थाना क्षेत्र की सलैया चौकी अंतर्गत झिरिया हार रेलवे लाइन के पास एक पेड़ से लटका मिला था। पुलिस को घटनास्थल से एक जला हुआ बैग और जला हुआ लैपटॉप भी बरामद हुआ था। शुरुआती जांच और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने इसे प्रथम दृष्ट्या आत्महत्या का मामला मानते हुए मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी। मृतक की मां मालती सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत पत्र सौंपा। उन्होंने पुलिस की आत्महत्या की कहानी को गलत बताया। उन्होंने कहा कि बेटे का बहोरीबंद क्षेत्र की एक युवती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। बेटे का शव उसी युवती के गांव के पास मिलना इस ओर इशारा करता है कि घटना के पीछे गहरी साजिश है। मां ने बताया कि घटनास्थल पर लैपटॉप और बैग का जला हुआ पाया जाना यह दर्शाता है कि हत्यारों ने डिजिटल साक्ष्य और पहचान मिटाने के लिए उनमें आग लगाई थी। परिजनों का कहना है कि पवन आत्महत्या जैसा कदम नहीं उठा सकता था, उसे रास्ते से हटाने के लिए सुनियोजित तरीके से मारा गया है। मृतक की मां ने कहा कि मेरा बेटा सुसाइड नहीं कर सकता। जिस लड़की से उसका प्रेम प्रसंग था, उसी के गांव के पास उसकी लाश मिली है। सबूत मिटाने के लिए उसका सामान जलाया गया। हमें न्याय चाहिए और मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। वहीं इस मामले में पुलिस का कहना है कि प्रकरण की जांच की जा रही है। परिजनों की ओर से लगाए गए हत्या के आरोपों के बाद सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। महिला द्वारा शिकायत पत्र में लगाए गए सभी आरोपों की जांच की जा रही है। पुलिस इस मामले की अब और भी गंभीरता और सूक्ष्मता से जांच करेगी। प्रेम प्रसंग समेत सभी तकनीकी पहलुओं को खंगाला जा रहा है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। हालांकि घटना की शुरूआत में भी यह मामला आत्महत्या का नहीं लग रहा था। उस समय भी यही सवाल उठ रहे थे कि उमरिया जिले का युवक रीठी थाना क्षेत्र से निकली रेल लाइन के पास फांसी लगाने क्यों आएगा। जांच के बाद ही पूरे मामले की गुत्थी सुलझेगी।



# कांजी हाउस में अव्यवस्था, कर्मचारी को हटाया गया

**महापौर ने किया अमीरगंज कांजी हाउस का निरीक्षण**

**नवभारत, कटनी।** नगर निगम द्वारा संचालित अमीरगंज स्थित कांजीहाउस में गौ माता और नंदियों की देखरेख को लेकर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने गौ सेवकों की उपस्थिति में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने कांजीहाउस की सभी व्यवस्थाओं को देखते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि गौ सेवा से जुड़ा यह कार्य अत्यंत संवेदनशील है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महापौर ने निरीक्षण के दौरान गौ माता और नंदियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कांजीहाउस परिसर में अतिरिक्त शेड लगाए जाने के निर्देश दिए, ताकि मौसम की मार से पशुओं को सुरक्षित रखा जा सके। इसके साथ ही परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने और रात्रिकालीन सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर करने के लिए हाई मास्ट लाइट लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। महापौर ने मवेशियों के लिए उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता, पेयजल की शुद्धता और परिसर की साफ़-सफ़ाई की व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि गौ माता और नंदियों को समय पर पर्याप्त चारा, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक प्रशासनिक दायित्व नहीं बल्कि सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी भी है। निरीक्षण के दौरान तैनात कर्मचारियों का कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया। जिस पर महापौर ने कर्मचारी स्थानांतरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही उन्होंने जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने वाले कर्मचारियों को दायित्व सौंपने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपस्थित गौ सेवकों ने भी गौ माता और नंदियों को दी जा रही वर्तमान सुविधाओं को बढ़ाने की मांग की और कांजी हाउस की समस्या के संबंध में महापौर को जानकारी दी। गौसेवकों ने मवेशियों की संख्या के अनुरूप संसाधनों में वृद्धि, चिकित्सा सुविधा और सुरक्षा को लेकर मांग की। महापौर ने सभी मांगों और समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गौ सेवकों को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सार्व सुभाष साहू, रमेश सोनी, जयनारायण निषाद, सुरेंद्र गुप्ता, गोविंद चावला, उमेंद्र अहिरवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके साथ ही पार्षद श्रीमती सीमा श्रीवास्तव, श्रीमती वंदना राजकिशोर यादव, श्रीमती शकुंतला सोनी, श्रीमती रेखा संजय तिवारी, प्रभारी सहायक यंत्री आदेश जैन, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी-कर्मचारी सहित गौ सेवक भी मौजूद रहे।

## दस मवेशियों को भेजा गया कांजी हाउस

शहर में आवागमन व्यवस्था को बेहतर और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से नगर निगम की हॉका गैंग आवारा मवेशियों को सड़का हटाने का कार्य कर रही है। अभियान के दौरान हांका गैंग सार्वजनिक मार्गों, व्यस्त चौराहों से दस आवारा घूम रहे मवेशियों को हटाकर कांजी हाउस भेजा है। नगर निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि सुगम आवागमन व्यवस्था के मद्देनजर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान स्टेशन रोड मुख्य चौराहा, पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास, सहित बरगवां ओवर ब्रिज के नीचे आवारा रूप से घूम रहे 10 मवेशियों को सुरक्षित रूप से पकड़कर वाहन के माध्यम से अमीरगंज कांजी हाउस भेजने की कार्रवाई की गई है। स्वास्थ्य अधिकारी ने शहवासियों से कहा है कि वे अपने पालतू मवेशियों को खुले में नहीं छोड़ें और शहर की सफाई, आवागमन व्यवस्था को बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें। उन्होने कहा कि मवेशियों को पकड़ने के लिए चलए जा रहे अभियान से सड़क हादसों की संभावना को कम करने के साथ ही यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाया जा रहा है।

## एक नजर में

### बरगवां से चोर ले गए टेलीफोन केबिल

**नवभारत, कटनी।** रंगनाथ थाना अंतर्गत बरगवां स्थित आस्था प्लाजा के सामने से अज्ञात चोरों ने टेलीफोन केबल पार कर दी है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी उमेश नामदेव ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि 15 जनवरी की सुबह करीब 10 बजे आस्था प्लाजा के सामने से अज्ञात व्यक्ति ने टेलीफोन केबल चोरी कर ली। चोरी गई केबल की अनुमानित कीमत लगभग 6 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात चोरों पर मामला दर्ज कर लिया है। चोरों की तलाश शुरू कर दी गई है।

### स्मैक के लिए रूपए नहीं देने पर जान से मारने की धमकी

**नवभारत, कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत मुड़वारा रोड में दो नशेड़ियों में स्मैक के लिए रूपए नहीं देने पर एक युवक से गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात नशेड़ियों के खिलाफ मामल दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि मूल रूप से उत्तरप्रदेश के गाजीपुर निवासी राजन सिंह वर्तमान में कटनी कोतवाली थाना क्षेत्र के सर्किट हाउस के पास रह रहे हैं, 15 जनवरी की सुबह करीब साढ़े 9 बजे सिविल लाइन इंजीनियरिंग ऑफिस के पास मुड़वारा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान दो अज्ञात युवकों ने उन्हें घेर लिया और स्मैक पीने के लिए पैसों की मांग करने लगे। जब राजन सिंह ने पैसे देने से इनकार कर दिया, तो दोनों आरोपियों ने एक राय होकर उन्हें मां-बहन गालियां देकर जान से मारने की धमकी भी दी। जिसकी शिकायत राजन सिंह ने कोतवाली थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है। आरोपियों का पता लगाने के लिए मुखबिर तंत्र को एक्टिव किया गया है। साथ ही आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द अज्ञात नशेड़ियों को पकड़ा लिया जाएगा।

# श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया सतगुरू पर्व, भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**माधवनगर में किया गया धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन**



**नवभारत, कटनी।** माधवनगर में आयोजित पावन पुनीत हरेमाधव सतगुरु पर्व पर अनेक नगरों कस्बों ग्रामों से हजारों श्रद्धालु इस पुनीत सुअवसर का हिस्सा बनने पधारे। हरेमाधव सत्संग की शुरुआत हरे माधव वाणी अरदास मेरे सतगुरां हम शरण तेरी आए के साथ प्रारंभ हुआ। जिसके बाद भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। सतगुरु सांई ईश्वरशाह साहिब का शुभागमन हरेमाधव के जयघोष गुंजायमान करते हुए, ढोल-नगाड़ो, संगतों के खुशी में झूमते-नाचते काफिले के साथ हुआ। सतगुरु सांई ईश्वरशाह साहिब विराजमान हुए तो नन्हें-नन्हें बच्चों ने उनके श्रीचरणों में भाव भरा नमन वंदन, चरण वंदना नृत्य के रूप में किया। हरे माधव रूहानी बाल संस्कार, हरे माधव यूथ टीम द्वारा भावपूर्ण प्रस्तुति, जिसमें भक्तों पर हुई सतगुरु की प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष मेहर के कुछ जिक्रों को मंचित किया गया। भक्तों के लिए भक्ति पथ ज्योर्तिमय करने के लिए मंचित किए गए। प्रेमी भक्तों ने भी सतगुरु भगति में आनंद मस्त हो, झूम-नाचकर शाश्वत खुशियां मनाई। हरेमाधव भजन रागों से सारा आभामण्डल प्रेमामय सा हो गया और मध्यरात्रि धुनि के बाद सभी ने हरेमाधव ब्रम्हभोज ग्रहण किया। सतगुरू पर्व के दूसरे दिन सर्वप्रथम हरेमाधव वाणी अरदास के साथ प्रारंभ हुआ। हाजिरां हुजूर सतगुरु सांई ईश्वरशाह साहिब जी का सत्संग पंडाल में आगमन भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ, जिसमें सतगुरु सांईजी पुष्पों से सुसज्जित श्री रथ पर विराजित हुए, शिष्य भगतजन हरेमाधव हरेमाधव का जयघोष करते, झूमते नाचते हुए श्रीदर्शन कर रथ को धीरे-धीरे आगे बढ़ाते हुए सत्संग स्थल तक आए। सत्संग पंडाल में विराजमान होने पर हरेमाधव रूहानी बाल संस्कार के बाल गोपालों द्वारा सतगुरु महिमा उस्तत के बोल से भरी श्री चरण वंदना की गई।

हरे माधव सतगुरु पर्व जिनकी नित्य मुक्त लीला-साखियों में प्रेम और विश्वास बिठा श्रवण करना आज कलिकाल में जीवात्माओं के लिए यह परम औषधि हैं जिससे मन के समस्त ताप-संताप नष्ट हो जाते हैं।

# पाली को हराकार विधायक कप विजेता बनी सिलौंडी

**विजेता टीम को दिए गए 30 हजार रूपए, किया सम्मानित**



**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** सिलौंडी में चल रही विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में सिलौंडी की टीम ने पाली की टीम को 60 रन से हराकर विधायक कप की विजेता बन गई है। सिलौंडी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 176 रन बनाए । जवाब में पाली की पूरी टीम 116 रन ही बना सकी। बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, भाजपा जिला मंत्री डॉक्टर प्रशांत राय, जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय, सरपंच पंचों संतोष कुमार, उपसरपंच राहुल राय, विजय गुप्ता सहित अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार दिया। विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह और सरपंच पंचों संतोष कुमार, उपसरपंच राहुल राय की ओर से विजेता टीम को 30 हजार रूपए और शील्ड दी गई। विधायक कप के मैच आफ दा सीरीज श्रवण अवस्थी फौजी को श्रीराम कृषि केंद्र की ओर शील्ड दी गई। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष अरविंद तिवारी ,राकेश दुबे, न्यू स्टार टीम कप्तान संतोष काछी सहित खिलाड़ी उपस्थिति रहे।

# जल्द शुरू की जाए पदोन्नति की प्रक्रिया, मानदेय में कराएं सुधार

**लघु वेतन कर्मचारी संघ ने कचहरी चौराहे में किया प्रदर्शन**



**नवभारत, कटनी।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ ने शुक्रवार शाम कचहरी चौराहे पर अपनी लंबित मांगों को लेकर अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपना ज्ञापन सौंपा। यह प्रदर्शन शासन-प्रशासन की ओर से उनकी मांगों की अनदेखी के विरोध में किया गया। संघ के जिला अध्यक्ष पुडेश यूके ने बताया कि कर्मचारी अपनी जायज मांगों के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कलेक्टर, स्थानीय विधायक, सांसद और मुख्यमंत्री तक को कई बार ज्ञापन गए हैं, लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिला है। पुडेश यूके ने आगे कहा कि जब संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों की रक्षा करने वाली सरकारें मौन हो जाती हैं, तो कर्मचारियों को संविधान निर्माता की शरण में ही आना पड़ता है। उन्होंने बाबा साहेब को ज्ञापन सौंपकर यह संदेश दिया कि प्रशासन उन्हें उनके मूलभूत अधिकारों से वंचित रख रहा है। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में लंबे समय से रुकी हुई विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया को तत्काल शुरू करना, कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए बेहतर और कैशलेस स्वास्थ्य सुविधाओं का फायदा देना करना और अल्प वेतन भोगी कर्मचारियों के मानदेय और भत्तों में न्यायसंगत सुधार करना शामिल है। कचहरी चौराहे पर आयोजित इस सभा में बड़ी संख्या में लघु वेतन कर्मचारी उपस्थित रहे। कर्मचारियों ने कहर कि प्रदर्शन के बाद भी सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं देती है, आंदोलन किए जाएंगे।

# मां शारदा मंदिर पहुंची महापौर ने की शहर के सुख-समृद्धि की प्रार्थना


**मंदिर के भजन-कीर्तन में शामिल हुईं महापौर और पार्षद**



**नवभारत, कटनी।** शहर में श्रद्धा और भक्ति के वातावरण के बीच महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी अपने पार्षद साथियों के साथ भूमिप्रकट शारदा देवी मंदिर पहुंची। इस अवसर पर उन्होंने मां शारदा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और शहर की सुख-समृद्धि, शांति और विकास की कामना की। दर्शन-पूजन के के बाद महापौर सहित सभी जनप्रतिनिधि मंदिर परिसर में आयोजित भजन-कीर्तन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। भक्तिमय वातावरण में गूंजते भजनों के बीच श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति की। महापौर ने भजन-कीर्तन के माध्यम से धर्म, संस्कार और सामाजिक समरसता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के समापन पर महापौर और पार्षदों ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं से संवाद भी किया। इस दौरान महापौर ने मंदिर समिति के सदस्यों की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए धार्मिक आयोजनों को लगातार बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान पार्षद श्रीमती शकुंतला सोनी, वंदना राजकिशोर यादव सहित मंदिर समिति के पदाधिकारी, क्षेत्रीय लोग और काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने मां शारदा से शहर की प्रगति, सुख-शांति और खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

# शिवनगर में घर की दीवार को तोड़ते हुए पलटा ट्रक

**पीड़ित परिवार ने क्षतिपूर्ति की मांग की**



**नवभारत, कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत के शिव नगर क्षेत्र मेंएक मुरूम लोड ट्रक दीवार तोड़ते हुए पलट गया। हादसे में जनहानि नहीं हुई, लेकिन घर की दीवार टूट गई। पीड़ित परिवार ने क्षतिपूर्ति और ट्रक चालक पर कार्रवाई की मांग करते हुए कोतवाली थानें शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार शिवनगर निवासी माया जायसवाल के घर की दीवार को तोड़ते हुए एक ट्रक पलट गया। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। हालांकि इस घटना से कोई जनहानि नही हुई है, लेकिन माया जायसवाल की घर की दीवार और और अंदर रखी सामग्री क्षतिग्रस्त हो गई। कोतवाली में शिकायत कर ट्रक चालक पर कार्रवाई करने और क्षतिपूर्ति दिलाने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

**आयोजन** | दिल्ली पब्लिक स्कूल में यूथ पार्लियामेंट की कार्रवाई का नाटकीय कार्यक्रम, दिखा लघु संसद जैसा नजारा

# छात्रों ने निभाया प्रधानमंत्री और होम मिनिस्टर का किरदार, गिनाई सरकार की उपलब्धियां



**नवभारत, कटनी।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में यूथ पार्लियामेंट का नाटकीय आयोजन कर लघु संसद का नजारा पेश किया गया। इसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया तथा देश की जनता का प्रतिनिधित्व करने वाले जनता प्रतिनिधियों का बखूबी किरदार पेश किया। इन बच्चों ने जनप्रतिनिधियों के किरदार को बहुत ही सहज एवं मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया वहाँ पर उपस्थित दर्शकों ने बच्चों के प्रदर्शन की भूरि-भूरि प्रशंसा की और सभी ने कहा कि वास्तव में डीपीएस के द्वारा यह जो पार्लियामेंट का कार्यक्रम आयोजित किया गया था हम सब के लिए एकदम अविस्मरणीय रहेगा । उन्होंने यह भी कहा कि हमने इससे पूर्व इतनी अच्छी कार्रवाई सदन में भी नहीं देखी है । एक-एक किरदार ने अपने साथ न्याय करते हुए अपने संबंधित विभाग की जानकारी सदन के पटल पर रखी। जनता के मुद्दों को इस तरह सदन के पटल पर पेश किया कि सभी के मन में उनके प्रति गर्व की भावना पैदा हो गई। इस यूथ पार्लियामेंट में किसी ने प्रधानमंत्री का रोल अदा किया तो किसी ने होम मिनिस्टर तो किसी ने अपोजिशन का जहां रूलिंग पार्टी ने सरकार के द्वारा किए गए कार्यों को सदन में गिनाया और अपनी उपलब्धियों से सबको परिचित कराया वहीं अपोजीशन पार्टी ने सरकार पर प्रश्न खड़े करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जनता के हित से जुड़े हर एक मुद्दे को सदन में बखूबी उठाया गया और वास्तविक कार्यवाही का नजारा पेश किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की प्रबंध निदेशक का जूही जैन प्रशासनिक सैयद नईम अख्तर प्राचार्या सीमा दुबे उपप्राचार्या शबनम अख्तर उपस्थित थीं तथा आपने भी बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई कार्यवाही का आनंद लिया । यूथ पार्लियामेंट को सफल बनाने में स्तुति मैडम ,अजीत दुबे सर ,सौरभ समांथा सर, मयूर सर एवं उदय सर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई इस प्रकार आज का कार्यक्रम सफल रहा।

# तालाब में नहाने गए 11 वर्षीय बालक की डूबने से मौत

**नवभारत, कटनी।** कोतवाली थाने की बस स्टैंड पुलिस चौकी अंतर्गत कैलवारा खुर्द गांव में स्थिति तालाब में 11 वर्षीय बालक की डूबने से मौत हो गई है। बालक अपनी नानी के यहां कैलवारा आया था और दोस्तों के साथ नहाने के लिए तालाब में नहाने के लिए गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में डूब गया। पुलिस ने बताया कि भरवारा गांव निवासी श्रेयांश पिता सुरेश चौधरी (11) अपनी नानी के घर कैलवारा गांव आया था। दोपहर वह दोस्तों के साथ तालाब में नहाने के लिए गया। नहाने के दौरान वह गहरे पानी की ओर चला गया। जहां पर वह डूब गया। घटना की सूचना परिजनों को मिलने के बाद उसे तालाब से निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मर्ग प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। तालाब में डूबने से बालक की मौत की जानकारी के बाद क्षेत्र में शोक की लहर और परिजनों में दुख का महौल व्याप्त है।



धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED



डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।



डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024